# दिनांक 21.12.2021 को जिलाधिकारी खीरी/अध्यक्ष, जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति की बैठक का कार्यवृत्त।

दिनांक 21.12.2021 को जिलाधिकारी खीरी की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत कलेक्ट्रेट सभागार खीरी में जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में निम्नलिखित अधिकारी उपस्थित रहे।

1— जिलाधिकारी लखीमपुर खीरी।
2— मुख्य विकास अधिकारी लखीमपुर खीरी।
3— जिला विकास अधिकारी लखीमपुर खीरी।
4— प्रभागीय वनाधिकारी लखीमपुर खीरी।
5— जिला थारू जनजाति के विकास कार्यो के परियोजना अधिकारी ।
6— जिला मुख्य चिकित्सा अधिकारी।
7— अधिशासी अभियन्ता, सिंचाई खण्ड, प्रथम लखीमपुर खीरी ।
8— अधिशासी अभियन्ता ग्राउन्ड वाटर, नलकूप खण्ड, प्रथम लखीमपुर खीरी।
9— जिला सूचना अधिकारी एवं जनसम्पर्क अधिकारी लखीमपुर खीरी।
10— जिला पंचायत राज अधिकारी, लखीमपुर खीरी।
11— सहायक अभियन्ता, लघु सिंचाई।
12— अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, जल निगम लखीमपुर खीरी।

**जिलाधिकारी महोदय द्वारा विशेष आमंत्रित सदस्य**

13. अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग
14. अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड—1, लोक निर्माण विभाग
15. अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड—3, लोक निर्माण विभाग

बैठक में सर्वप्रथम जल जीवन मिशन से सम्बन्धित कराये जाने वाले कार्यों एवं इस योजना से सम्बन्धित जारी दिशा निर्देशों की जानकारी उपस्थित सभी अधिकारियों को दी गयी। जिसमें अधिशासी अभियन्ता/सदस्य सचिव द्वारा बताया गया कि वर्तमान तक कुल 97 नग डी0पी0आर0 की स्वीकृति एस0एल0एस0एस0सी0 से प्राप्त हो चुकी है एवं उक्त 97 नग डी0पी0आर0 में से 70 नग पाइप पेयजल योजनाओं के त्रिपक्षीय अनुबन्ध गठित किये जा चुके हैं एवं शेष 27 नग डी0पी0आर0 के त्रिपक्षीय अनुबन्धों की मूल प्रति राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन लखनऊ को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित की जा चुकी है।

तदोपरान्त सदस्य सचिव द्वारा अवगत कराया गया कि जल जीवन मिशन के अन्तर्गत मै0 एन0 सी0 सी0 लि0 एन0 सी0सी0 हाउस 5 वॉ तल सर्वे न0 64 माधापुर हैदराबाद द्वारा विरचित 45 नग ग्रामीण पाइप पेयजल योजनाओं के डी0पी0आर0 खण्ड कार्यालय उ0प्र0 जल निगम लखीपुर खीरी में प्रस्तुत किये गये थे, जो जांचोपरान्त तकनीकी स्वीकृति हेतु मुख्य अभियन्ता (ल0क्षे0) उ0प्र0 जल निगम लखनऊ को प्रेषित किये गये थे, जिनमें से 42 नग डी0पी0आर0 की तकनीकी स्वीकृति मुख्य अभियन्ता (ल0क्षे0) उ0प्र0 जल निगम लखनऊ द्वारा प्रदान कर दी गयी है।

उपरोक्त 42 नग पाइप पेयजल योजनाओं के डी0पी0आर0 जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति के समक्ष अनुमोदनार्थ प्रस्तुत किये गये, जिसमें 22 नग डी0पी0आर0 में रोड कटिंग एवं पुनर्स्थापना की लागत परियोजना में प्रस्तावित वितरण प्रणाली की लागत के 25 प्रतिशत से अधिक है। जलजीवन मिशन पोर्टल के अनुसार रोड कटिंग एवं पुनर्स्थापना की लागत प्रस्तावित वितरण प्रणाली की लागत के 50 प्रतिशत तक अनुमन्य है, परन्तु जिन योजनाओं में रोड कटिंग की मात्रा 25 प्रतिशत से अधिक है उसका स्थलीय सत्यापन आवश्यक है। अधिशासी अभियन्ता/ सदस्य सचिव द्वारा अवगत कराया गया कि उपरोक्त 22 नग डी0पी0आर0 की रोड कटिंग का सत्यापन जल निगम एवं एन0सी0सी0 फर्म के अभियन्ताओं द्वारा कर लिया गया है तथा यह भी अवगत कराया गया कि विकास खण्ड धौरहरा की बेलवामोती पेयजल योजना जिसमें रोड कटिंग एवं पुनर्स्थापना की लागत परियोजना में प्रस्तावित वितरण प्रणाली की लागत के 37.30 प्रतिशत है, की क्रास चेकिंग जल निगम के सहायक अभियन्ता इं0 योगेन्द्र कुमार नीरज द्वारा की गयी है जो सही पायी गयी। उपरोक्त 22 नग परियोजनाओं में रोड कटिंग के सत्यापन का प्रमाण पत्र सम्बन्धित डी0पी0आर0 में संलग्न है।

जिलाधिकारी/अध्यक्ष जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति के निर्देशानुसार विशेष आमंत्रित सदस्यों क्रमशः अधिशासी अभियन्ता लोक निर्माण विभाग निर्माण खण्ड–1 से विकास खण्ड लखीमपुर की सैदापुर देवकली पेयजल योजना, अधिशासी अभियन्ता लोक निर्माण विभाग निर्माण खण्ड–3 से विकास खण्ड पलिया की विशेनपुरी कालोनी पेयजल योजना एवं अधिशासी अभियन्ता ग्रामीण अभियंत्रण विभाग से विकास खण्ड नकहा की पटना पेयजल योजना के डी0पी0आर0 की जांच करायी गयी, जो सही पाये गये।

उपरोक्त समस्त 42 नग डी0पी0आर0 पर जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति द्वारा विस्तृत विचार विमर्श किया गया। प्रस्तुत की गयी उपरोक्त 42 नग परियोजनाओं का विवरण निम्नानुसार है।

| क्र0सं0 | विकास खण्ड का नाम | परियोजना का नाम | परियोजना की कुल लागत (रू0 लाख में ) |
|---|---|---|---|
| 1 | लखीमपुर | सैदीपुर देवकली | 416.77 |
| 2 | लखीमपुर | कोरैया जंगल | 259.7 |
| 3 | नकहा | अमकोटवा | 323.32 |
| 4 | नकहा | पटना | 373.6 |
| 5 | नकहा | महोला | 281.19 |
| 6 | नकहा | जमुनियां | 506.42 |
| 7 | नकहा | सिरैंचा | 378 |
| 8 | नकहा | भोजपुर | 253.68 |
| 9 | नकहा | बाजुडीह | 252.26 |
| 10 | नकहा | अमृतापुर | 270.17 |
| 11 | नकहा | बनजरिया | 333.86 |
| 12 | नकहा | बेलवा | 257.17 |
| 13 | मोहम्मदी | कुँवरपुर | 189.85 |
| 14 | ईशानगर | चपकहा | 330.4 |
| 15 | ईशानगर | मोहम्मदपुर | 286.54 |
| 16 | ईशानगर | चन्द्रासा कलॉ | 280.88 |
| 17 | धौरहरा | शेखपुर | 247.75 |
| 18 | धौरहरा | बेलवामोती | 264.39 |
| 19 | धौरहरा | डिहुआ कलॉ | 365.2 |
| 20 | निघासन | ढकेरवा खालसा | 360.45 |
| 21 | पसगवां | नवागॉव | 276.4 |
| 22 | पसगवां | कल्लुआ | 342.83 |
| 23 | पसगवां | बैकुन | 301.68 |
| 24 | बिजुआ | डिमरौल | 228.97 |
| 25 | बिजुआ | लखरावां | 358.66 |
| 26 | फूलबेहड़ | बसैगापुर | 206.17 |
| 27 | फूलबेहड़ | बसहाभूड़ | 291.52 |
| 28 | बेहजम | गुलचौरा | 335.13 |
| 29 | पलिया | पढुआ | 274.21 |
| 30 | पलिया | विशेनपुरी कालोनी | 403.74 |
| 31 | पलिया | गजरौरा | 356.81 |
| 32 | बांकेगंज | भेटिया | 382.45 |
| 33 | बांकेगंज | सौखिया | 320.21 |
| 34 | बांकेगंज | भरिगवां | 397.36 |
| 35 | बांकेगंज | ग्रान्ट न0 14 | 458.7 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 36 | मितौली | कानाखेड़ा | 368.27 |
| 37 | मितौली | सन्डिलवा | 289.16 |
| 38 | मितौली | रसूलपुर | 250.07 |
| 39 | मितौली | निमचैनी | 279.76 |
| 40 | मितौली | मैनहा | 257.81 |
| 41 | मितौली | आशिक नगर ग्रन्ट | 358 |
| 42 | मितौली | ओरहरा | 259.97 |

उक्त 42 नग परियोजनाओं कें डी0पी0आर0 निर्धारित मानक के अनुसार सही पाये गये जिनकी वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृति जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति द्वारा प्रदान की गयी।

अन्त में जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देश दिये गये कि समिति में लिये गये निर्णय के क्रम में उक्त 42 नग परियोजनाओं का डी0पी0आर0 (निर्धारित प्रारूप–44 कालम पर) अग्रेत्तर कार्यवाही हेतु अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन उ0प्र0 जल निगम 6– राणा प्रताप मार्ग लखनऊ को प्रेषित किया जाय। तत्पश्चात सधन्यवाद बैठक समाप्त की गयी ।

अधिशासी अभियन्ता
जल निगम
समिति सचिव

सहायक अभियन्ता
लघुसिंचाई

जिला पंचायत
राज अधिकारी,
लखीमपुर
खीरी।

जिला थारू जनजाति के
विकास कार्यो के
परियोजना अधिकारी

अधिशासी अभियन्ता,
नलकूप खण्ड
लखीमपुर खीरी।

जिला सूचना
अधिकारी,
लखीमपुर
खीरी।

मुख्य
चिकित्साधिकारी
लखीमपुर खीरी।

अधिशासी
अभियन्ता,
सिंचाई खण्ड
प्रथम लखीमपुर
खीरी।

प्रभागीय
वनाधिकारी
लखीमपुर खीरी।

अधिशासी अभियन्ता
लोक निर्माण विभाग
निर्माण खण्ड–1
लखीमपुर खीरी।

अधिशासी अभियन्ता
लोक निर्माण विभाग
निर्माण खण्ड–3
लखीमपुर खीरी।

अधिशासी अभियन्ता
ग्रामीण अभियंत्रण
विभाग
लखीमपुर खीरी।

जिला विकास
अधिकारी लखीमपुर
खीरी।

मुख्य विकास अधिकारी
लखीमपुर खीरी।
उपाध्यक्ष

जिलाधिकारी
लखीमपुर खीरी।
अध्यक्ष